प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1453 दिनांकः 20 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म भरे तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1334 दिनांक 28 अक्टुबर, 2024, ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1378 दिनांक 21 नवम्बर, 2024, ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1382 दिनांक 22 नवम्बर, 2024, ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1416 दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 तथा ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1439 दिनांक 12 दिसम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर परीक्षा हेतु संस्थानों में अध्ययनरत रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से तथा बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत छात्रों हेतु समर्थ के माध्यम से **दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 तक** भरे जाने की सूचना दी गई थी।

उपरोक्त के संबंध में संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध पर विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार कर उपरोक्त तिथि को विस्तारित करते हुए **दिनांक 23 दिसम्बर, 2024 तक विषम सेमेस्टर परीक्षा के पाठ्यक्रमो / सेमेस्टरों हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल तथा बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत छात्र / छात्राओं हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरे एवं परीक्षा शुल्क जमा किये हेतु खोल दिया गया है। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों का परीक्षा फार्म एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय
20/12/2024
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक